# प्रधानाचार्यों ने एनईपी पर की चर्चा



देहरादून। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) में शुरू हुए दो दिवसीय कार्यक्रम में प्राचार्यों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर विस्तार चर्चा की। इस दौरान शिक्षकों ने फ्यूचर स्किल्स, वोकेशनल और कौशल आधारित शिक्षा में उभरते रुझानों की समझ बढ़ाने पर चर्चा की गई। यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा, शिक्षा का भविष्य अकादमिक और उद्योग-आधारित कौशलों के समावेश में है। उन्होंने इस पहल को छात्रों में भविष्य-उन्मुख सोच और आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने का अवसर बताया। संवाद